रेलवे उपमंत्री (श्री स० वें० रामस्वामी) (क) शायद माननीय सदस्य का सुझाव पूर्वोत्तर रेलवे के लखीमपुर खीरी और कतरनियाघाट को मिलाने के सम्बन्ध में है। यदि ऐसा है, तो उत्तर नकार मे है।

(ख) इस लाइन के रास्ते मे कई नदिया हैं, इसलिये इसे दूसरी पचवर्षीय योजना मे शामिल नही किया गया है क्योंकि योजना के लिये रकम और सामान के साधन सीमित हैं।

गोंडा-नेपालगंज और नानपाड़ा-कतरनियाघाट सेक्शनो पर बिजली के पखो की व्यवस्था

१३६६ श्री भ० दी० मिश्र क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या सरकार का यह विदित है कि गोंडा-नेपालगंज और नानपाड़ा-कतरनियाघाट के सेक्शनो पर बिजली के प्रकाश और पखो की व्यवस्था असतोषजनक है और कभी-कभी तो सारा सैक्शन ही बिना प्रकाश और बिना पखो के रहता है, और

(ख) यदि हा तो सरकार ने इस विषय मे क्या कार्यवाही की है?

रेलवे उपमंत्री (श्री स० वें० रामस्वामी): (क) और (ख) गोंडा-नेपालगंज और नानपाड़ा-कतरनियाघाट सेक्शनो की गाड़ियों में पखे और रोशनी की व्यवस्था आमतौर पर सतोषजनक रही है। पिछले छ महीनो में नानपाड़ा और बहराइच स्टेशनो पर पहले और दूसरे दर्जे के डिब्बो में पखे न चलने के बारे में केवल दो मामूली शिकायतें आई और इन्हें दूर किया गया।

बिजली की बत्तियो और पखो आदि की मरम्मत के लिये गाड़ियो में और गोंडा स्टेशन पर कर्मचारी मौजूद रहते हैं।

अमीनगांव फास्ट पैसेंजर का पटरी से उतर जाना

१३६७. श्री रघुनाथ सिंह : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या यह सच है कि गत २६ जुलाई को सिलिगुडी-कटिहार सेक्शन पर कटिहार और धनकोरा स्टेशनो के बीच अमीनगाव फास्ट पैसेंजर गाड़ी के ४ डिब्बे, २ पार्सल वैन तथा इजन का ट्रेलर पटरी से उतर गये थे और उसके फलस्वरूप कुछ यात्री घायल हुये थे, और

(ख) यदि हा तो इसके क्या कारण थ और इस दुर्घटना मे कितने लोग हताहत हुये?

रेलवे उपमंत्री (श्री शाहनवाज खां): (क) और (ख) २६ जुलाई, १९५८ को रात में लगभग २ बज कर २५ मिनट पर जब २३ अप सवारी गाड़ी पूर्वोत्तर सीमा रेलवे के कटिहार-बारसोई मीटर लाइन सेक्शन पर कटिहार और डडरवोरा स्टेशनो के बीच जा रही थी तो उसका इजन टेंडर और साथ वाले छ डिब्बो के साथ मील १२२।१४-१६ पर पटरी से उतर गया। इन छ डिब्बो में से २ पार्सल के डिब्बे एक तीसरे दर्जे का मिला-जुला सामान और ब्रेकयान और ३ तीसरे दर्जे के डिब्बे थे। इस दुर्घटना मे ६ आदमियो को मामूली चोट आयी।

रलव निरीक्षक न अन्तरिम रिपोर्ट दी है। उसके अनुसार डिब्बो के पटरी से उतर जाने का कारण यह था कि किसी आदमी या कुछ आदमियो न पटरी के साथ कुछ छेड-छाड की थी जिनके बारे में कुछ पता नही है।

Central Godowns in Punjab

1368. Shri Daljit Singh: Will the Minister of **Food and Agriculture** be pleased to state the stock position of different foodgrains in the Central